नवोदय (Navodaya)

दिनाँक (Dated): 13.03.2023 | पृष्ठ सं० (Page No). 04 | क्रम सं०(Serial No.) 13

सीआईएसएफ जवानों ने स्थापना दिवस पर दिखाई जांबाजी

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह हुए शामिल



नई दिल्ली, 12 मार्च (नवोदय टाइम्स): केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने रविवार 12 मार्च को अपना 54वां स्थापना दिवस हैदराबाद के नेशनल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी अकादमी (एनआईएसए) परिसर में मनाया। इसके लिए भव्य परेड और रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शामिल हुए और परेड की सलामी ली।

कार्यक्रम में तेलंगाना की राज्यपाल डॉ. तमिलिसाई सुंदरराजन, केंद्रीय संस्कृति मंत्री जी किशन रेड्डी, सांसद डॉ के लक्ष्मण, बंडी संजय कुमार, तेलंगाना के पुलिस महानिदेशक सहित केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के वरिष्ठ अधिकारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि ने एनआईएए परिसर स्थित बलिदानी स्मारक पर पहुंच वहां शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित करने से की। जहां बल के महानिदेशक शील वर्धन सिंह मुख्य अतिथि की अगवानी की। इस दौरान 411 सीआईएसएफ कर्मियों से सुस्सजित परेड ने मुख्य अतिथि को जनरल सैल्यूट देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने सीआईएसएफ की वार्षिक इन-हाउस प्रकाशन सेंटिनल-2023 और सीआईएसएफ जीवन रक्षकों की प्रेरणादायक घटनाओं पर आधारित कॉफी टेबल बुक जीवन रक्षा परमो धर्म का विमोचन किया। साथ ही इस अवसर पर अलंकरण समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि ने सीआईएसएफ के 23 अधिकारियों और बल सदस्यों को वीरता के लिए पुलिस पदक, विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक, सराहनीय सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक और जीवन रक्षा पदक से अलंकृत किया।

महिलाओं ने मार्शल आर्ट का किया प्रदर्शन

कार्यक्रम के दौरान सीआईएसएफ महिला बल सदस्यों द्वारा भारतीय मार्शल आर्ट कलारीपयट्टू जिसे सभी मार्शल आर्ट की जननी कहा जाता है का अद्भुत प्रदर्शन किया। महिला सदस्यों द्वारा इस दौरान किए गए भारतीय पौराणिक 05 विभिन्न हथियारों के प्रदर्शन ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। गौरतलब हो कि यह दुनिया का सबसे पुराना मार्शल आर्ट है जिसका इतिहास 3000 वर्षों से अधिक पुराना है। वहीं देश के हवाई अड्डों, दिल्ली मेट्रो, विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा के साथ ही उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्र में सुरक्षा प्रदान करने वाली स्पेशल टैक्टिक्स एण्ड ट्रेनिंग विंग के कमांडों ने कार से भाग रहे हथियारबंद आतंकियों को पकड़ने का प्रदर्शन किया।